पंजाब में निजी स्कूल की मनमानी नहीं

सरकार का बड़ा कदम, सालाना 5 प्रतिशत की सीमा तय, अध्यादेश मंजूर

चंडीगढ़, 13 जुलाई. पंजाब में निजी स्कूलों की फीस बढ़ोतरी पर नियंत्रण लगाने की दिशा में सरकार ने बड़ा फैसला लिया है. राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब रेगुलेशन ऑफ फीस ऑफ अनएडेड एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस (अमेंडमेंट) ऑर्डिनेंस, 2026 को मंजूरी दे दी है.

अध्यादेश लागू होने के बाद राज्य के निजी स्कूल निर्धारित नियमों के तहत ही फीस बढ़ा सकेंगे और सालाना फीस वृद्धि की सीमा 5 प्रतिशत तय होगी. मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्यपाल की मंजूरी के लिए धन्यवाद देते हुए इसे बच्चों और अभिभावकों के हित में महत्वपूर्ण कदम बताया. उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा को व्यापार नहीं बनने देगी और निजी स्कूलों में फीस के नाम पर होने वाली कथित अनियमितताओं पर रोक लगाने के लिए प्रतिबद्ध है.

आप ने बताया ऐतिहासिक कदम

सरकार का कहना है कि नए नियम से फीस निर्धारण प्रक्रिया अधिक पारदर्शी होगी और अभिभावकों पर पड़ने वाला आर्थिक दबाव कम होगा. आम आदमी पार्टी ने भी इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे निजी स्कूलों की मनमानी पर नियंत्रण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया है. हालांकि, अध्यादेश के प्रभावी क्रियान्वयन और इसके व्यावहारिक असर को लेकर आगे निगरानी की जाएगी. सरकार के अनुसार, नए प्रावधानों का उद्देश्य निजी स्कूलों और अभिभावकों के हितों के बीच संतुलन बनाना है.

करतारपुर साहिब कॉरिडोर तत्काल खोला जाए

अमृतसर. शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारा श्री दरबार साहिब, श्री करतारपुर साहिब के लिए करतारपुर कॉरिडोर को तत्काल दोबारा खोलने की मांग की है. एडवोकेट धामी ने पत्र में कहा कि श्री करतारपुर साहिब वह पवित्र स्थल है, जहां प्रथम पातशाही श्री गुरु नानक देव जी ने मानवता को 'किरत करो, नाम जपो और वंड छको' का संदेश दिया तथा भाईचारे और सरबत दा भला की भावना का प्रचार किया। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक गुरुधाम के साथ दुनिया भर की सिख संगतों की गहरी धार्मिक आस्था जुड़ी हुई है. नवंबर 2019 में श्री गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व के अवसर पर करतारपुर कॉरिडोर खुलने से विश्वभर के करोड़ों सिखों की लंबे समय से चली आ रही अरदास पूरी हुई थी और लाखों श्रद्धालुओं ने पवित्र गुरुधाम के दर्शन किए थे।

बैंकॉक के बार में भीषण आग, 27 लोगों की मौत

बैंकॉक, 13 जुलाई. थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक के मनोरम चतुचक जिले में रविवार देर रात एक बार में भीषण आग लगने से कम से कम 27 लोगों की मौत हो गयी, जबकि आठ अन्य गंभीर रूप से झुलस गये. बैंकॉक पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, 63 से अधिक घायलों का विभिन्न अस्पतालों में उपचार चल रहा है. घायलों को 16 अलग-अलग अस्पतालों में ले जाया गया.

आठ की हालत गंभीर

यह दुर्घटना रविवार रात 11.57 बजे लैट फ्राओ रोड पर सोई लैट फ्राओ-1 रोड के पास रोंग बीयर ना लैट फ्राओ बीयर हॉल में हुई, जब वहां कई ग्राहक मौजूद थे. आपदा रोकथाम एवं शमन विभाग के अनुसार, सूचना मिलने पर दमकलकर्मी आधी रात के तुरंत बाद मौके पर पहुंचे और करीब आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग बार के मंच के पास से शुरू हुई और तेजी से पूरे परिसर में फैल गयी.

आग लगते ही बिजली गुल हो गयी और कुछ ही देर में पूरा परिसर धुएं से भर गया. सोशल मीडिया पर सामने आये वीडियो में लोग जान बचाने के लिए चीखते-चिल्लाते हुए बाहर भागते दिखाई दे रहे हैं। कुछ लोगों के कपड़ों में भी आग लगी हुई थी। अधिकांश शव शौचालय से बरामद हुए, जहां लोग आग और धुएं से बचने के लिए छिप गये थे।

बैंकॉक आपदा शमन विभाग की प्रारंभिक जांच में आशंका जतायी गयी है कि आग एयर कंडीशनर में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी हो सकती है, हालांकि आग लगने के कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अधिकारियों ने घटना की विस्तृत जांच के आदेश दिये हैं।



प्रधानमंत्री ने घटनास्थल का दौरा किया

प्रधानमंत्री अनुतिन चार्नवीराकुल ने सोमवार सुबह घटनास्थल का दौरा किया. उन्होंने बताया कि आग लगने के समय प्रस्तुति दे रहे एक संगीतकार ने उन्हें बताया कि तेज धमाके जैसी आवाज हुई, जिसके बाद लोग धुएं और आग से बचने के लिए बाहर भागने लगे।संगीतकार के अनुसार कई लोग बाहर निकलने के बजाय इमारत के पिछले हिस्से में चले गये और शौचालय में छिप गये, जहां उनकी मौत हो गयी. पुलिस के अनुसार, एक राहगीर चालक ने आग की सूचना दमकल विभाग को दी थी. बैंकॉक के गवर्नर चाउचार्ट सिट्टीपुंट ने बताया कि छत पर लगी सजावट की वजह से आग तेज़ी से फैली. पीड़ितों ने जलते हुए प्लास्टिक से निकलने वाला ज़हरीला धुआं सांस के ज़रिए अंदर ले लिया। उन्होंने कहा कि पब के पास लाइसेंस था, यह एक मंजिला कंक्रीट की इमारत में चल रहा था और वहां संगीत कार्यक्रम की भी इजाजत थी.

छात्रों की गूंज लाएगी बदलाव की क्रांति

नई दिल्ली, 13 जुलाई. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि देश की शिक्षा व्यवस्था भ्रष्टाचार, वसूली और पक्षपाती होकर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है इसलिए छात्रों को अब संगठित होकर लड़ना होगा ताकि छात्रों की गूंज अभियान शिक्षा व्यवस्था में बदलाव के लिए क्रांति का माध्यम बने।

भ्रष्टाचार, वसूली तंत्र में बदल चुका है : राहुल

श्री गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक संदेश में कहा कि भ्रष्ट, अन्यायी, पक्षपाती और बेईमान जैसे शब्द उनके नहीं, बल्कि देश के छात्रों के

हैं, जो आज की शिक्षा व्यवस्था का वर्णन कर रहे हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि बच्चों का भविष्य संवारने के लिए बनाई गई शिक्षा व्यवस्था अब एक बेईमान वसूली तंत्र में बदल चुकी है, जो छात्रों और उनके परिवारों को कर्ज, तनाव और निराशा की ओर धकेल रही है. उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में फैले भ्रष्टाचार ने पेपर लीक माफिया को जन्म दिया है, जो लाखों छात्रों की वर्षों की मेहनत एक झटके में बर्बाद कर देता है. उनका आरोप था कि इस व्यवस्था में दोषी वेंडरों और अधिकारियों को कार्रवाई के बजाय नए टेंडर और तरक्की मिलती है जबकि सजा छात्र पाते हैं और उन्हें टूटे सपनों और अनिश्चित भविष्य के साथ छोड़ दिया जाता है.

कांग्रेस नेता ने कहा, केंद्र सरकार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री इस पूरे मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं तथा जवाबदेही से बच रहे हैं और मीडिया भी इस गंभीर मुद्दे पर मौन है. अब बहुत हो चुका है और शिक्षा व्यवस्था में व्यापक बदलाव की जरूरत है. उन्होंने छात्रों, युवाओं और अभिभावकों से 17 जुलाई को देहरादून में आयोजित छात्रों की गूंज कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल होकर शिक्षा व्यवस्था में बदलाव की इस मुहिम को मजबूत करने की अपील की है.

गोली मारकर हत्या करने के बाद हुआ फरार

नई दिल्ली, 13 जुलाई. दिल्ली पुलिस के एक हेड कांस्टेबल ने रविवार देर रात पूर्वी दिल्ली के विनोद नगर इलाके में पत्नी की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी. यह घटना पत्नी के जन्मदिन पर दोनों के बीच हुए विवाद के बाद हुई. वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

पुलिस के अनुसार यह घटना ईस्ट विनोद नगर स्थित लाल बहादुर शास्त्री (एलबीएस) अस्पताल के पास हुई। आरोपी कांस्टेबल का नाम मनीष भाटी है, जो पूर्वी जिले के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) में तैनात है. पुलिस सूत्रों के अनुसार, पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है. मृतका प्रियंका की शादी करीब तीन वर्ष पहले मनीष से हुई थी. परिजनों ने बताया कि 13 जुलाई को प्रियंका का जन्मदिन था. प्रारंभिक

हेड कांस्टेबल का पत्नी से हुआ था विवाद

जानकारी के अनुसार कल देर रात प्रियंका की तबीयत बिगड़ने पर मनीष उसे एलबीएस अस्पताल ले जा रहा था. रास्ते में दोनों के बीच कथित तौर पर तीखी कहासुनी हुई, जिसके बाद आरोपी ने तैश में आकर पत्नी पर गोली चला दी. गोली लगने से प्रियंका गंभीर रूप से घायल हो गयी थी.

जींद से 17 जुलाई को दौड़ेगी देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन

चंडीगढ़, 13 जुलाई. हरियाणा के जींद से 17 जुलाई को भारतीय रेलवे के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ने जा रहा है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जींद से देश की पहली हाइड्रोजन-संचालित ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह ट्रेन जींद और सोनीपत के बीच चलेगी तथा पूरी तरह हाइड्रोजन ईंधन से संचालित होगी। इसका उद्देश्य स्वच्छ, टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल रेल परिवहन को बढ़ावा देना है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आधुनिक तकनीक और विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है.

टीएमसी के पूर्व विधायक घोष ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

कोलकाता, 13 जुलाई. पश्चिम बंगाल में पानीहाटी से तृणमूल कांग्रेस के पूर्व विधायक निर्मल घोष ने गिरफ्तारी से बचने के लिए सोमवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है. यह कदम उनके बेटे तीर्थंकर घोष की रविवार देर रात दक्षिणेश्वर इलाके से पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के कुछ घंटों बाद उठाया गया.

याचिका दायर करने की अनुमति मांगने वाला अर्जी न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य की खंडपीठ के समक्ष रखी गयी. अदालत ने इसकी इजाज़त दे दी है. इस मामले की सुनवाई इस सप्ताह के आखिर में होने की संभावना है. तीर्थंकर घोष को कई आपराधिक मामलों के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था.

पुलिस के मुताबिक तीर्थकर 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के बाद हुई कथित चुनाव-बाद हिंसा से जुड़े एक मामले में आरोपी हैं. जांचकर्ताओं ने उसका नाम एक करोड़ रुपये के कथित लॉटरी घोटाले से भी जोड़ा है. पुलिस का आरोप है कि तीर्थंकर और उसके साथियों ने जबरन एक लॉटरी विजेता से उसका जीता हुआ टिकट छीन लिया, पीड़ित के साथ मारपीट की और इनाम की रकम हड़प ली. बताया जाता है कि वह काफी समय से फरार था, लेकिन पुलिस ने उसके मोबाइल फोन की लोकेशन का पता लगाया और एक गुप्त सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया.

एक नजर में

नेतन्याहू के नेतृत्व पर चुनाव 27 अक्टूबर को

यरूशलम. इजरायल में आम चुनाव 27 अक्टूबर को होंगे. देश की संसद (कनेसेट) ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि कानून के तहत निर्धारित अंतिम तिथि पर चुनाव कराये जाएंगे. इन चुनावों को वर्ष 2023 में गाजा युद्ध शुरू होने के बाद प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के नेतृत्व पर जनमत-संग्रह के रूप में देखा जा रहा है. इजराइल की संसद (कनेसेट) का वर्तमान कार्यकाल 17 जुलाई को समाप्त होने वाला है, जिससे सत्तारूढ़ गठबंधन को कई दशकों में पहली बार अपना पूर्ण चार वर्षीय कार्यकाल पूरा करने का अवसर मिलेगा. संसद ने कहा, वर्तमान कनेसेट अपना पूरा कार्यकाल पूरा कर रही है और अगला आम चुनाव कानून के अनुसार 27 अक्टूबर को पहले से निर्धारित है. चूंकि संसद का कार्यकाल समय से पहले समाप्त करने का कोई इरादा नहीं है, इसलिए कनेसेट भंग करने के लिए अलग कानून लाने की आवश्यकता नहीं है. इजरायल के 76 वर्षीय प्रधानमंत्री नेतन्याहू सबसे लंबे समय तक इस पद पर बने रहने वाले नेता हैं। उन्होंने एक बार फिर चुनाव लड़ने की घोषणा की है.

टीनएज रिश्तों पर सुको ने जताई चिंता

नई दिल्ली, 13 जुलाई. सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को किशोरों के आपसी संबंधों से जुड़े मामलों में प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंसेस अधिनियम, 2012 के इस्तेमाल पर महत्वपूर्ण टिप्पणी की।

पारिवारिक शिकायतों के बाद दर्ज हो जाते हैं आपराधिक केस

न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि 15 से 18 वर्ष की आयु में कई किशोर-किशोरियां आपसी सहमति से संबंध बनाते हैं और कुछ मामलों में घर छोड़कर भी चले जाते हैं। अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में कई बार माता-पिता अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा के कारण पीओसीएसओ के तहत आपराधिक मामला दर्ज कराते हैं, जिसके बाद न्यायालय को तथ्यों के आधार पर निर्णय करना पड़ता है।

बंगाल मदरसा स्टॉफ की याचिका खारिज

उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के मदरसों में अपनी नियुक्ति के लिए मान्यता की मांग करने वाले 350 शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। पश्चिम बंगाल मदरसा सेवा आयोग अधिनियम 2008 को कलकत्ता उच्च न्यायालय की एकल न्यायाधीश पीठ ने असंवैधानिक करार दिया था, जिसके बाद इन सभी की नौकरी चली गयी थी। न्यायालय ने बाद में इस फैसले को बरकरार रखा था। याचिकाकर्ताओं ने उच्चतम न्यायालय से कहा कि उनकी नियुक्ति स्थायी थी इसलिए उन्हें पश्चिम बंगाल की सहायता-अनुदान योजना के तहत तनख्वाह मिलनी चाहिए।

'वृक्ष मित्र परिवार' का राष्ट्रीय ढांचा बनेगा

नई दिल्ली, 13 जुलाई. नई दिल्ली के पूसा परिसर में आयोजित पर्यावरण संरक्षण संकल्प कार्यक्रम और वृक्ष मित्र संवाद में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देशभर से जुड़े लगभग 17 हज़ार वृक्ष मित्रों के बीच पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का बड़ा संकल्प रखा. कार्यक्रम में पद्म भूषण पर्यावरणविद् अनिल जोशी, प्रख्यात चिकित्सक व समाजसेवी डॉ. अनूप हजेला,

वृक्ष मित्रों के जनआंदोलन से हरित भारत का नया अध्याय

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. एम.एल. जाट और देश के विभिन्न राज्यों से आए सैकड़ों वृक्ष मित्र प्रत्यक्ष रूप से शामिल हुए जबकि हजारों साथी वर्चुअल माध्यम से जुड़े. सभी ने मिलकर पेड़, पानी, मिट्टी, ऊर्जा बचत और प्लास्टिक मुक्त जीवन को जनभागीदारी से जोड़कर धरती को बचाने का साझा संदेश दिया. केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वृक्ष मित्रों से मिले सुझावों और संवाद के आधार पर पर्यावरण संरक्षण को ठोस जनआंदोलन का रूप देने के लिए साफ-सुथरी रूपरेखा सामने रखी। उन्होंने निर्णय लिया कि हर परिवार जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ, बच्चों के जन्म, माता: पिता की पुण्य स्मृति जैसे हर अवसर पर पेड़ लगाकर इन्हें वृक्ष पर्व में बदलेगा, ताकि धीरे: धीरे यह परंपरा घर: घर की आदत बन जाए.

हस्तियों के ट्वीट

इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट साझा कर संगठित अपराध के खिलाफ सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई. इटली के प्रधान मंत्री. जियोर्जिया मेलोनी ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि आज पालेर्मो में, सार्वजनिक व्यवस्था और सुरक्षा समिति की अध्यक्षता करने के लिए उपस्थित हैं. विया डीअमेलियो नरसंहार की 34वीं वर्षगांठ से कुछ ही दिन पहले, राज्य का संदेश स्पष्ट है :संगठित अपराध के खिलाफ, कोई पीछे नहीं हटेगा.

टेस्ला के सीईओ ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि कुछ सॉफ्टवेयर बेंचमार्क पर ग्रोक 4.5,फाबले से भी थोड़ा बेहतर है, जबकि ,फाबले खुद एक बहुत अच्छा मॉडल है! मिथोस (जिसमें क्लाउड बैकअप के तौर पर है) का जो वर्शन सबके लिए उपलब्ध है, उसकी क्षमता काफी कम कर दी गई है, लेकिन ज़्यादातर लोगों के पास बस यही वर्शन उपलब्ध है.

आज का इतिहास

- 1223: फिलिप द्वितीय की मृत्यु के बाद उनके बेटे लुई फ्रांस के राजा बने.
- 1636: मुगल बादशाह शाहजहां ने औरंगजेब को दक्कन का वायसराय नियुक्त किया.
- 1850: मशीन द्वारा जमाई गई बर्फ का पहला सार्वजनिक प्रदर्शन.
- 1927: हवाई द्वीप में विमान की पहली व्यावसायिक उड़ान शुरू.
- 1940: द्वितीय विश्वयुद्ध में जर्मनी के बमवर्षक विमानों ने स्वेज पर बमबारी की.
- 1969: जयपुर में मालगाड़ी और यात्री गाड़ी की टक्कर में 85 लोगों की मौत.

ज्ञानपीठ से सम्मानित हुए आर. वैरमुत्तु

नई दिल्ली, 13 जुलाई. तमिल साहित्यकार एवं गीतकार आर वैरमुत्तु को देश के सबसे बड़े साहित्यिक पुरस्कार ज्ञानपीठ से सोमवार को सम्मानित किया गया.

कर्ण सिंह ने चिन्मय सभागार में किया सम्मान

पूर्व केंद्रीय मंत्री कर्ण सिंह ने यहां चिन्मय सभागार में उन्हें इस पुरस्कार से सम्मानित किया। पुरस्कार स्वरूप उन्हें 11 लाख रुपए की सम्मान राशि, वाग्देवी की एक कांस्य प्रतिमा तथा प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया।

श्री वैरमुत्तु भारत के प्रख्यात तमिल कवि, गीतकार, उपन्यासकार और साहित्यकार हैं. उनका जन्म 13 जुलाई 1953 को तमिलनाडु के थेनी जिले में हुआ. उन्होंने चेन्नई के पच्चैयप्पा कॉलेज से तमिल साहित्य में स्नातकोत्तर किया और अपने साहित्यिक जीवन की शुरुआत कवि के रूप में की। वर्ष 1980 में फिल्म निझलगल के माध्यम से उन्होंने तमिल सिनेमा में गीतकार के रूप में पदार्पण किया था.

बीजेपी ने उमर अब्दुल्ला को भेजा कानूनी नोटिस

जम्मू, 13 जुलाई. जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला द्वारा भारतीय जनता पार्टी पर उनकी सरकार गिराने के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायकों को धन और मंत्री पद का लालच देने का आरोप लगाने के बाद राजनीतिक विवाद कानूनी स्तर पर पहुंच गया है।

100 करोड़ के दावे की चेतावनी

जम्मू-कश्मीर में सियासी विवाद गहराया

भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई ने मुख्यमंत्री को मानहानि का कानूनी नोटिस भेजते हुए आरोपों को झूठा, निराधार और पार्टी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने वाला बताया है। भाजपा की ओर से अधिवक्ता परीमोक्ष सेठ के माध्यम से भेजे गए नोटिस में कहा गया है कि मुख्यमंत्री द्वारा सार्वजनिक रूप से लगाए गए आरोपों से पार्टी की छवि प्रभावित हुई है. नोटिस में उमर अब्दुल्ला से सात दिनों के भीतर अपने बयान वापस लेने और बिना शर्त सार्वजनिक माफी मांगने की मांग की गई है। पार्टी ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित अवधि में ऐसा नहीं किया गया तो उनके खिलाफ सिविल और आपराधिक कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी। नोटिस में यह भी कहा गया है कि कानूनी कार्रवाई के तहत 100 करोड़ रुपये तक के मानहानि दावे का मुकदमा भी दायर किया जा सकता है। भाजपा का कहना है कि मुख्यमंत्री के आरोप तथ्यों पर आधारित नहीं हैं और बिना किसी प्रमाण के लगाए गए हैं, जिससे पार्टी की सार्वजनिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। यह विवाद मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के उस बयान के बाद सामने आया, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि भारतीय जनता पार्टी उनकी सरकार को अस्थिर करने के उद्देश्य से नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायकों को करोड़ों रुपये की पेशकश और मंत्री पद का लालच दे रही है। उनके इस बयान के बाद राज्य की राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया था।

अदालतों के जरिए राजनीतिक लड़ाइयां लड़ती है भाजपा

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया है कि वह राजनीतिक लड़ाई राजनीतिक तरीके से लड़ने की बजाय अदालतों के जरिये लड़ना पसंद करती है। श्री अब्दुल्ला ने भाजपा की ओर से भेजे गये कानूनी नोटिस का जवाब दिया।

सौगात

लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे शुरू, पहले लगते थे तीन घंटे, हाईवे निर्माण के लिए पैसों की कमी नहीं-गडकरी

अब 40 मिनट में कानपुर से लखनऊ

उन्नाव/लखनऊ, 13 जुलाई. लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे सोमवार को आम जनता के लिए समर्पित कर दिया गया। उन्नाव में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसका उद्घाटन किया.

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी कार्यक्रम में मौजूद रहे. उद्घाटन समारोह में नितिन गडकरी ने कहा कि देश में सड़क निर्माण के लिए संसाधनों की कमी नहीं है. उन्होंने कहा कि उनके मंत्रालय के पास बड़े पैमाने पर योजनाओं के लिए धन उपलब्ध है और सरकार का लक्ष्य बेहतर परिवहन व्यवस्था तैयार करना है. उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में भारत के हाईवे दुनिया के बेहतरीन हाईवे में शामिल होंगे. 63 किलोमीटर लंबा लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे करीब 4700 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है. इस एक्सप्रेस-वे के शुरू होने के बाद लखनऊ से कानपुर के बीच यात्रा का समय घटकर लगभग 40 मिनट रह जाएगा। इससे पहले इस दूरी को तय करने में ढाई से तीन घंटे तक लग जाते थे. यह देश का पहला बैरियर-लेस एक्सप्रेस-वे बताया जा रहा है. यहां टोल भुगतान के लिए ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन कैमरे और फास्टैग तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा.

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से उत्तर प्रदेश को करीब 60 हजार करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं की मंजूरी मिली है. उन्होंने कहा कि राज्य में बेहतर कनेक्टिविटी के लिए नए एक्सप्रेस-वे और फोरलेन सड़कों का निर्माण जारी है. लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास 5 जनवरी 2022 को किया गया था और करीब 1650 दिनों में इसका निर्माण पूरा हुआ.

कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में बढ़ते यातायात दबाव का मुद्दा उठाया. उन्होंने लखनऊ एयरपोर्ट से शहीद पथ होते हुए आउटर रिंग रोड तक करीब 23 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड रोड की मांग रखी. उन्होंने बताया कि इस परियोजना को मंजूरी दी गई है। इसके साथ ही एलिवेटेड रोड पर मेट्रो संचालन की योजना पर भी सहमति बनी है।

एनटीए ने जारी की ओएमआर शीट और रिकॉर्डेड रिस्पॉन्स

नयी दिल्ली. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने नीट(यूजी)-2026 की पुनर्परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों के लिए ओएमआर उत्तर पत्रक की स्कैन कॉपी और रिकॉर्डेड रिस्पॉन्स जारी कर दिये हैं. एनटीए ने सोमवार को सार्वजनिक सूचना जारी कर बताया कि अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट पर लॉगिन कर अपनी ओएमआर शीट और रिकॉर्डेड उत्तर देख सकते हैं तथा यदि किसी उत्तर पर आपत्ति हो तो निर्धारित शुल्क के साथ ऑनलाइन चुनौती दर्ज करा सकते हैं। एजेंसी ने कहा कि रिकॉर्डेड रिस्पॉन्स पर आपत्ति दर्ज कराने की प्रक्रिया 13 जुलाई से शुरू हो गयी है और 15 जुलाई को सुबह 11 बजे तक जारी रहेगी।